हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर


चोरी के एक अन्य मामले में पहले भी जा चुका है जेल

## सूने मकान में चोरी करने वाला पकड़ा गया

## 2.18 लाख कैश, 6.55 लाख का सामान जब्त


हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अमलेश्वर में करीब दो महीने पहले हुई चोरी के एक मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 2.18 लाख रुपए कैश और 6.55 लाख रुपए का सामान जब्त किया गया है। मामले में फरार चल रहा गौरीशंकर खुटे भी शनिवार को पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद आरोपियों की पहचान हुई। उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। चोरी की संपत्ति को आरोपी ने अपने परिचित जीता गौरीशंकर के माध्यम से गिरवी रखा था। इस मामले में करीब 14.77 लाख की चोरी हुई थी। पुलिस ने बताया कि 25 से 29 जनवरी के मध्य घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपी ने प्रार्थी के निवास का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अंदर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की।

जांच के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि पूर्व में आरोपी खिलेश दास मानिकपुरी, भुनेश्वर उर्फ नानू यादव एवं तुलेश्वर उर्फ टिल्लू सोनकर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। उनके कब्जे से सोना-चांदी, वाहन आदि कुल कीमती 8,22,480 रुपये जप्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।





### आरोपी ने अपने जीजा को दिया था चोरी का सामान

पुलिस ने बताया कि आरोपी तुलेश्वर सोनकर से चोरी की संपत्ति के बारे में पूछताछ की गई, तो पता चला कि उसने अपने जीजा गौरीशंकर खुटे को सामान दे दिया था। गौरीशंकर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके कब्जे एवं निशानदेही से सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम बरामद की गई। आरोपी गौरीशंकर मेढापाली सक्ती जिले का रहने वाला है। वह पिछले कुछ समय से इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी फेस-02, थाना डीडी नगर रायपुर में निवास कर रहा था। उसके पास से सोने और चांदी के जेवरात सहित नगद जब्त किया गया। इस मामले के बाद पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अपने घरों की सुरक्षा के लिए सावधानी बरतें।

## वीडियो वायरल मामले में विधायक ने प्रस्तुत किए साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सेक्स वीडियो वायरल मामले में विधायक देवेंद्र यादव शनिवार दोपहर भिलाई नगर थाने पहुंचे और वायरल एमएमएस मामले में अपना फोटो और वीडियो सैंपल दिया। पुलिस ने इसे रिकॉर्ड में लेकर जांच के लिए सुरक्षित किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव में एक एमएमएस वायरल हुआ था। जिसमें भाजपा ने आरोप लगाते हुए दावा किया था कि एमएमएस में दिख रहा युवक विधायक देवेंद्र यादव है। थाने में शिकायत कर जांच की मांग भी की थी, तब से मामले में जांच जारी है। विधायक ने इसे छवि खराब करने के लिए झूठा वीडियो बताया है। थाने पहुंचने से पहले कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि हमने मामले में अपराध दर्ज कराया था। 3 वर्ष पूर्व एक झूठा वीडियो वायरल करके लोगों के बीच में भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया था। जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है। इस मामले में मुझे एक नोटिस आया था, उस सिलसिले में थाना पहुंचा हूं। जो नोटिस आया था उसमें कहा गया था कि 6 तारीख को सुबह 11 बजे थाने पहुंचना है जबकि नोटिस पहुंचा हमारे पास 6 तारीख को दोपहर में 1 बजे तामील हुआ। ये गलत है। हम तो चाहते हैं इसकी जांच हो जाए, स्पष्टता आ जाए, लोगों के सामने सच आ जाए। चुनाव के समय इस वीडियो का इस्तेमाल कर लोगों के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश की गई। छवि खराब करने का प्रयास किया गया था।







## खबर संक्षेप



### राजस्व वसूली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों का सम्मान

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग में वित्तीय वर्ष समाप्ति के पश्चात राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा की गई, जिसमें निगम क्षेत्र के वार्डवार राजस्व वसूली की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने राजस्व वसूली को और अधिक गति देने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बकाया करदाताओं पर कार्रवाई करते हुए नल कनेक्शन विच्छेद करने, वारंट जारी करने एवं आवश्यकतानुसार दुकानों को सील करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी क्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। राजस्व विभाग के कर्मचारी राजेश ताम्रकार द्वारा न्यू आदर्श नगर क्षेत्र में सर्वाधिक वसूली की गई, वहीं उरला वार्ड से शिवा परिहार दूसरे स्थान पर रहे। दोनों कर्मचारियों को आयुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### आप से संजय सिंह का मोह भंग, पार्टी से दिया इस्तीफा



दुर्ग । आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के संयुक्त सचिव एवं पाटन विस प्रभारी संजय सिंह ने शनिवार को पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होने इस्तीफे की वजह पार्टी में वैचारिक कारणों को बताया है। इस आशय का पत्र उन्होने पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व महासचिव को प्रेषित कर अपने इस्तीफे की सूचना दे दी है। युवा नेता संजय सिंह पूर्व में आम आदमी पार्टी के दुर्ग जिला अध्यक्ष पद को भी सुशोभित कर चुके हैं। जिलाध्यक्ष के पद पर रहते हुए उन्होने संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जिसकी वजह से पार्टी में उनका कद भी बढ़ा था और उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी में संयुक्त सचिव जैसे बड़े ओहदे में बिठाकर महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई

# जनगणना 2027 के लिए एक मई से सर्वे के लिए घर-घर पहुंचेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिले में जनगणना 2027 को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। 1 मई से अधिकारी और कर्मचारियों की टीम घर-घर पहुंचेगी। प्रथम चरण में शनिवार को बीआईटी में प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत हुई। जिला जनगणना अधिकारी अभिजीत सिंह ने जनगणना कार्य में विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के हर पहलु को गंभीरता से लिया जाए ताकि गणना के दौरान किसी प्रकार की चुक न हो। कोई भी गणना से वंचित न होने पाए। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल तक अलग-अलग बैच में प्रशिक्षण दिया जाना है। इस अवसर पर हरवंश सिंह मिरी, उत्तम ध्रुव, तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में 1 से 30 मई तक तथा स्व-गणना का कार्य 16 से 30 अप्रैल तक निर्धारित अवधि में संपन्न किया जाएगा। जनगणना के सफल संचालन के लिए आमजन की जागरूकता एवं सक्रिय सहयोग अत्यंत आवश्यक है। जानकारी दी गई कि वाहनों में ऑडियो सिस्टम के माध्यम से जनगणना संबंधी संदेशों का प्रसारण किया जाएगा। एलईडी डिस्प्ले और नोटिस बोर्ड पर जनगणना से संबंधित वीडियो, स्लोगन एवं अन्य सामग्री प्रदर्शित की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना कार्य की गुणवत्ता सीधे तौर पर प्रशिक्षण की दक्षता पर निर्भर करती है, इसलिए प्रत्येक प्रशिक्षार्थी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पूरी निष्ठा से कार्य करें। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल, नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू, आरके बोरकर, गौतम साहू, पंकज चंद्रवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिकारी और कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



#### अनुपस्थित पांच कर्मियों को नोटिस

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत आगामी जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु प्रगणकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आधिकारिक रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। इसी कड़ी में शनिवार जोन क्रमांक 4, खुर्सीपार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्वामी आत्मानंद स्कूल में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर जोन आयुक्त सह चार्ज जनगणना अधिकारी अमरनाथ दुबे ने बताया कि खुर्सीपार क्षेत्र के लिए कुल 99 प्रगणकों को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया था। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रगणकों को जनगणना के दौरान डेटा प्रविष्टि, प्रपत्र भरने की बारीकियों और तकनीकी पहलुओं से अवगत कराना, ताकि गणना कार्य त्रुटिहीन हो सके। 5 प्रगणक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे। उन्हे नोटिस जारी किया गया है।

### जल्द किराया वृद्धि वापस नहीं लेने पर बड़े आंदोलन की दी चेतावनी

# आवासों का किराया वृद्धि वापस नहीं लेने से गुस्साए रिटेंशनधारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

बीएसपी द्वारा रिटायर कर्मियों के रिटेंशन आवासों का किराया वृद्धि वापस नहीं लेने से गुस्साए रिटेंशनधारियों और समर्थकों ने सेक्टर एक चौक पर जंगी प्रदर्शन और धरना दिया। इसमें कई पार्षद भी शामिल हुए। सेवानिवृत कार्मिक कल्याण संघ के बैनर तले सैकड़ों प्रभावित रहवासियों प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जल्द किराया वृद्धि वापस नहीं लेने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।

सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ ने पखवाड़ेभर पूर्व स्कूटर रैली निकालकर प्रबंधन को आगाह किया था कि जल्द रिटेंशन स्कीम का मनमानी किराया वृद्धि वापस नहीं ली गई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बीएसपी प्रबंधन द्वारा दिसंबर से रिटेंशनधारियों का किराया 24 रुपए वर्गफीट फीट बढ़ाकर 32 गुना कर दिया गया है। इससे रिटायर कर्मियों को पंद्रह से बीस हजार किराया पटाने मुश्किल हो रहा है। धरने में यूनियन नेताओं ने कहा कि यदि प्रबंधन ने जल्द बढ़े हुए किराया का फरमान वापस नहीं लिया और लायसेंस पर आवास नहीं दिए तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जीवनभर अपने पसीने से बीएसपी के विकास में योगदान देने के बाद भी आज प्रबंधन उनके योगदान को अनदेखा कर बेघर कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो बीएसपी के आवासों कब्जेधारी रह रहे हैं और थर्ड पार्टी के नाम पर हजारों आवास दिए गए हैं। लेकिन रिटेंशनधारियों को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है। आखिर चौदह से रिटायर बीएसपी कर्मचारी वृद्धावस्था में परिवार के साथ कहां रहने जाएंगे।

### सेवानिवृत कार्मिक कल्याण संघ के बैनर तले जुटे सेवानिवृत्त संयंत्रकर्मी



#### महिलाएं बच्चों सहित पहुंचीं

धरने में चिलचलाती धूप में रिटेंशनधारी बुजुर्गों के साथ खासी तादाद में महिलाएं भी पहुंची थीं। कई वृद्धजन तो बीपी शुगर की दवाई व पानी के बोतल लेकर पहुंचे थे। लोग दिनभर धरने में डटे रहे। कई लोग बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। रिटायर कर्मियों ने बताया कि बीएसपी में पैंतीस चालीस साल नौकरी कर हमने दिनरात मेहनत कर कीर्तिमानी उत्पादन तक पहुंचाया। पहले तो वेतन भी बहुत कम था। इसके बाद भी बीएसपी प्रबंधन 32 गुना किराया वृद्धि कर घर खाली करने पर मजबूर कर रहा है । महिलाओं ने कहा कि किसी भी स्थिति में हम मकान खाली नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी पीड़ा को न तो बीएसपी अधिकारी सुन रहे हैं और और न ही जन प्रतिनिधियों के आश्वासन पर ही कोई सुनवाई हो रही है।

#### आर्थिक परेशानी बढ़ीं

रिटेंशनधारियों में लगातार मांग और आंदोलन तथा सांसद के प्रबंधन से चर्चा बाद भी किराया वृद्धि का निर्णय वापस नहीं लेने पर खासी गुस्सा दिखा। सेवानिवृत्तों ने मनमानी किराया वृद्धि को तुगलकी फरमान बताते हुए मनमान किराया बिल भेजकर मानसिक रुप से परेशान किया जा रहा है। आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है। रिटायर कर्मचारियों ने कहा कि जल्द रिटेंशन स्कीम को यथावत रखा जाए। लायसेंस पर मकान देकर बीएसपी सामाजिक सरोकार के डंके को यर्थाथ में दिखाए।

### इस्पात सचिव संदीप ने किया बीएसपी का भ्रमण



भिलाई। इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया। उनके साथ सेल के निदेशक कार्मिक व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सेल अतिरिक्त प्रभार कृष्ण कुमार सिंह एवं संयुक्त सचिव इस्पात मंत्रालय अभिजीत नरेंद्र भी उपस्थित थे। उन्हें इस्पात सचिव को भिलाई निवास में सीआईएसएफ जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अतिथियों का भिलाई निवास में स्वागत किया गया। बाद श्री पौंड्रिक और कृष्ण कुमार सिंह एवं श्री अभिजीत नरेंद्र इस्पात भवन' में आयोजित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में सम्मिलित हुए। और संवाद किया। बैठक में कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, प्रबीर कुमार सरकार, राकेश कुमार, एवं सीएमएलओ कमल भास्कर, अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी विनीता द्विवेदी आदि उपस्थित थे। वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार ने रावघाट में चल रही गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं पर एक सारगर्भित प्रस्तुति दी, वहीं संयंत्र के प्रमुख बिंदुओं, उत्पादन प्रदर्शन, तकनीकी-आर्थिक मानकों, उत्पाद मिश्रण, वित्तीय प्रदर्शन तथा उत्पादन लागत पर उप प्रबंधक (जनसंपर्क) सुश्री शालिनी चौरसिया द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

# पार्टी को मजबूत बनाने कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

कांग्रेस पार्टी को कैसे मजबूत बनाया जाए, आने वाले भिलाई नगर निगम और रिसाली नगर निगम में जीत कैसे हासिल किया जाए इस तरह के कई सवालों को लेकर भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कान्हा किसली, मध्यप्रदेश में चिंतन शिविर का आयोजन किया। तीन दिवसीय इस शिविर के दौरान कार्यकारिणी के सदस्यों ने पारिवारिक माहौल में इस पर्यटन स्थल का आनंद भी उठाया। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में मंथन शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेंद्र साहू, बृजमोहन सिंह, प्रदेश सचिव इरफान खान, पंकज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, केशव बंछोर सहित निगम के एमआईसी मेंबर, कार्यकारिणी के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। शिविर में उपस्थित लोगों ने कान्हा किसली के घने जंगलों में घूमने, रिसोर्ट के स्विमिंग पूल, जंगल का झरना, घने जंगलों के बीच सफारी आदि का खूब लुत्फ उठाया।वरिष्ठ नेता बृजमोहन सिंह ने कहा कि हमें मजबूती से काम करना है और पार्टी को मजबूत बनाना है। वरिष्ठ नेता पंकज पाल ने कहा कि आने वाले समय में भिलाई नगर निगम और रिसाली नगर निगम हमारे लिए बहुत बड़ी चुनौती है। प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू ने इस कार्यक्रम की सराहना की। प्रदेश सचिव इरफान खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की इमेज को हिंदू विरोधी और मुस्लिम समर्थक बना दिया गया है। हमें इस इमेज को तोड़ना होगा और कांग्रेस की विचारधारा को सबके सामने लाना होगा। सभापति केशव बंछोर ने कहा कि कई बार आरक्षण के चलते योग्य को टिकट नहीं मिल पाती इसमें निराश होने की जरूरत नहीं है। ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप ने कहा कि पदाधिकारियों को अभी से जिम्मेदारी सौंप दी जाए ताकि वह अभी से सक्रिय हो जाएं। शिविर को महिला पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। सभी ने संकल्प लिया कि पार्टी उन्हें जो भी दायित्व देगी वह उसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

#### संकल्प लें कि भिलाई और रिसाली निगम में कांग्रेस का होगा महापौर : मुकेश चंद्राकर

अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि संगठन को कैसे मजबूत करना है इसके लिए समय-समय पर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी से दिशा निर्देश मिलते रहता है। हमने आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए कमर कस ली है। कार्यकारिणी के एक-एक पदाधिकारी को और सदस्यों को जवाबदेही दी जा रही है। वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन में निगरानी समिति और अनुशासन समिति का भी गठन किया जाएगा ताकि लोगों के कार्यों का अवलोकन किया जा सके और उनकी शिकायतें सुनी जा सके। शिविर में भुवनेश्वरी रानी,शिखा रॉय, शमशेर सिद्धीकी, गोविंद कोसले, विष्णु बारले, चुम्मन देशमुख,दीपक भाटिया, चंद्रकांत कोरे, विनोद गुप्ता, जागेश्वरी साहू, पिंकी वर्मा आदि मौजूद थे।

## दक्षता निष्पक्षता और न्याय के प्रति समर्पण ही न्यायपालिका की शक्ति : न्यायाधीश रमेश सिन्हा



दुर्ग। संभाग के न्यायिक अधिकारियों के लिए एक दिवसीय संभागीय न्यायिक सेमीनार का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा जिला न्यायालय दुर्ग में किया गया। इस सेमीनार में दुर्ग संभाग के पांच सिविल जिलों से कुल 120 न्यायिक अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा न्याय एवं विधिक ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक दीप का प्रज्वलन कर सेमीनार का शुभारंभ किया गया। सेमीनार में न्यायमूर्ति रजनी दुबे तथा न्यायमूर्ति रवीन्द्र कुमार अग्रवाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की भी उपस्थित रही।

मुख्य न्यायाधिपति ने नव अधिनियमित आपराधिक कानूनों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि ये कानून आपराधिक न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम हैं। इनमें तकनीकी प्रगति का समावेश किया गया है तथा अधिक प्रभावी और पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया गया है। न्यायिक अधिकारियों को इन अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उनका स्पष्ट एवं व्यावहारिक समझ विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अधिकारीगण तथा दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा एवं राजनांदगांव जिलों के न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सब्जेक्ट टू वेकेशन आवास योजना शुरू करें : इंटक



भिलाई। स्टील इंमप्लाईज यूनियन (इंटक) की कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर-3 स्थित कार्यालय में हुई। बैठक कर्मियों के सब्जेक्ट टू वेकेशन फिर से शुरु करने सहित अहम मांगों पर चर्चा हुई। जल्द विभाग प्रमुख से मिलकर मांगों से अवगत कराया जाना तया हुआ।

बीएसपी में आवास आवंटन की सब्जेक्ट टू वेकेशन प्रक्रिया लंबे समय से चल रही थी, जिसे बीएसपी प्रबंधन द्वारा एकतरफा निर्णय लेते हुए बंद कर दिया गया है। यूनियन ने कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) को पत्र लिखकर इस प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ करने की मांग की है, ताकि पात्र कर्मचारियों को बेहतर आवास मिल सके तथा 70 वर्ष पुराने आवासों को जर्जर होकर टूटने से बचाया जा सके। बैठक में प्रमोशन पर देरी पर कर्मियों ने असंतोष जताया। बताया कि इंटक यूनियन ने बताया कि 31 मार्च को जारी होने वाली प्रमोशन सूची अब तक जारी नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी एवं आक्रोश व्याप्त है। शीघ्र प्रमोशन सूची जारी करने की मांग की है। बैठक में इंटक यूनियन ने प्रबंधन से मांग की है कि आवास लाइसेंस एवं रिटेंशन में जमानतदार एवं गवाह से संबंधित 5 वर्ष शेष सेवा की अनिवार्यता समाप्त की जाए। वर्तमान में कर्मचारियों को 5 से 9 लाख रुपये तक की जमानत राशि जमा करने के साथ-साथ इस शर्त का पालन करना पड़ता है। अलाव 2007 से लागू मंथली इंसेंटिव स्कीम की राशि वर्तमान उत्पादन और उत्पादकता के अनुपात में बहुत कम है। वर्ष 2007 में प्रति कर्मचारी उत्पादन 228 टन था, जो वर्तमान में 800 टन से अधिक हो चुका है। अतः बेस इंसेंटिव राशि को बढ़ाकर 10,000 प्रतिमाह किया जाए। महंगाई भत्ता के आदेश में देरी के कारण कर्मचारियों को ईएल नगदीकरण में कम राशि प्राप्त हुई है। यूनियन ने मांग की है कि निर्धारित एवं प्राप्त राशि के अंतर का एरियर बनाकर कर्मचारियों को भुगतान किया जाए। इंटक यूनियन ने टाउनशिप की बुनियादी समस्याओं पर भी चिंता जताई। सेक्टर 7 में फैले पीलिया को देखते हुए सफाई व मच्छरों के निदान के लिए फागिंग की मागं की गई । साठ साल पुरानी पाइप लाइनों को बदलने की मांग की गई। बैठक में पूरन वर्मा, जीआर सुमन, गिरिराज देशमुख, विश्वनाथ साहू, रमन मूर्ति, एस.बी. सिंह, गुरुदेव साहू, गणेश राम सोनी राजकुमार अजीत मोहन सोनी आदि उपस्थित थे।

### जागरुकता में कमी के कारण तेजी से नीचे आया ग्राफ, लोग भी नहीं ले रहे रुचि

# रक्तदान करने वालों की संख्या में आई कमी, पिछले साल 3696 यूनिट ब्लड किया गया कलेक्ट, इस बार साढ़े तीन महीने में सिर्फ 669 यूनिट का कलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिला अस्पताल का ब्लड बैंक, जो हर साल प्रदेश में ब्लड कलेक्ट करने के मामले में अव्वल रहता रहा है। इस बार जनवरी से अब तक केवल 699 यूनिट ब्लड की कलेक्ट किया जा सका है। 14 संस्थाओं द्वारा लगाए गए शिविर के आधार पर यह ब्लड कलेक्ट हो पाया है। प्रतिवर्ष जिले में रक्तदान को महादान के रूप में अभियान चलाकर ब्लड कलेक्ट किया जाता है।

- प्रदेश में अव्वल आने वाले ब्लड बैंक में स्टोरेज की कमी

वर्ष 2023 में जहां 44 संस्थाओं के माध्यम से 2396 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। वहीं 2024 में 61 संस्थाओ के माध्यम से 3718 यूनिट ब्लड स्टोर किया गया। वर्ष 2025 में 3696 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। इस बार 10 अप्रैल की स्थिति में 14 संस्थाओं के माध्यम से आयोजित शिविरों में 699 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मानें तो रक्तदान को लेकर नियमित रूप से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी संस्थाओं से संपर्क भी स्थापित किया गया है। आगामी दिनों में कई बड़े शिविर आयोजित किए जाने हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा ब्लड कलेक्ट किया जा सके।

#### ब्लड बैंक में होने लगी खून की कमी, लौटाए जा रहे मरीज

खबर है कि पिछले कुछ दिनों से ब्लड बैंक से मरीजों को लौटाया जा रहा है। बता दें कि थैलीसीमिया, सिकलसेल, गर्भवती महिलाओं सहित अन्य मामलों में ब्लड की जरुरत होती है। इसके अलावा हादसों, ऑपरेशन में भी ब्लड की डिमांड होती है। व्यवस्था के तहत टेस्टिंग के लिए ब्लड के एवज में 1100 रुपए चार्ज किया जाता है। ब्लड निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। ब्लड लेने के बाद दूसरे ग्रुप का भी ब्लड जमा लिया जाता है। वर्तमान में ब्लड बैंक में ए पॉजीटिव के 19, बी पॉजीटिव के 49, ओ पॉजीटिव के 58, एबी पॉजीटिव के 11, ए निगेटिव के 5, बी निगेटिव के 2, ओ निगेटिव के एक, एबी निगेटिव के 3 बैग उपलब्ध हैं।



फाइल फोटो

**वर्ष 2023 से लेकर अब तक रक्तदान**

| वर्ष | संस्था | रक्तदान |
|---|---|---|
| 2023 | 44 | 2396 |
| 2024 | 61 | 3718 |
| 2025 | 52 | 3696 |
| 2026 | 14-699 | (अब तक) |

#### रक्तदान से ब्लड प्रेशर की शिकायत होती है कम

विशेषज्ञों की मानें तो रक्तदान से कई फायदे हैं। ब्लड प्रेशर की शिकायत कम होती है, जिससे हार्ट अटेक का खतरा कम होता है।नियमित रूप से ब्लड देने से शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है। ज्यादा आयरन जमा होने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है। साथ ही इससे ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी कंट्रोल में रहता है, जिससे हार्ट हेल्थ बेहतर होती है। एक और बड़ा फायदा यह है कि ब्लड डोनेशन से पहले बेसिक हेल्थ चेकअप होता है। इसमें वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और ब्लड में किसी इन्फेक्शन की जांच की जाती है। रक्त का कोई विकल्प नहीं है इसे बनाया नहीं जा सकता। इसलिए हमें रक्तदान कर दूसरों को जीवन देना चाहिए। 18 से 60 वर्ष तक का स्वस्थ व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो रक्तदान कर सकता है। हर तीन माह में 300 ग्राम रक्त दान किया जा सकता है।



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
ब्यूरो कार्यालय
कमला मेडिकल लाईन सुपेला, भिलाई
मो. 7489348301, 9300663610





विधायक देवेंद्र ने किया दौरा, प्रभावितों से मिले, स्वास्थ्य विभाग ने किया सर्वे

## सेक्टर 7 में पीलिया का प्रकोप जारी, नौ नए केस मिले, अब तक 29 मरीज मिल चुके

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टाउनशिप के सेक्टर 7 में फैली पीलिया के प्रकोप को लेकर चौतरफा प्रयास शुरु हो गए हैं। इस बीच नए मरीजों का मिलना जारी है। शनिवार को भी पीलिया के नौ नए मरीज मिले। जिला स्वास्थ्य विभाग, बीएसपी प्रबंधन और नगर निगम की टीम द्वारा सर्वे, टीकाकरण और सफाई काम किया गया। वहीं भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव ने पार्षद लक्ष्मीपति राजू के साथ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पीड़ितों के पालकों से मिलकर सहयोग का भरोसा दिलाया।

वार्ड-67 सेक्टर 7 सड़क 37 में पीलिया प्रभावित क्षेत्र में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आज भी घर घर सर्वे किया गया। सिविल हॉस्पिटल सुपेला व रितीका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, दुर्ग विजय सेजुले, सुपरवाईजर, हितेन्द्र कोसरे, बीईटीओ राजेंद्र डाहरे, बीटीओ रोहित मांडले पर्यवेक्षक पंकज राठौर, आरएचओ पंकज सिन्हा, रमाशंकर यादव, लैब टेक्निशियन पीयूष टंडन,नर्सिंग स्टाफ शशि बागडे व संगीता कौशिक और स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के



साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। सेक्टर 7, स्ट्रीट-37ए में पीलिया ग्रस्त होने के कारण लक्षण पाये गये मरीजों का रक्त नमूना लिया गया। क्लोरीन टैबलेट वितरित करने के साथ रहवासियों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दानी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 104 घरों का भ्रमण कर 9 पीलिया से ग्रसित नए मरीज पहचान किये। संक्रमित क्षेत्र में आज तक कुल 24 पीलिया के



मरीज़ मिले, जिनमें 1 नये मरीज भर्ती हुए। भर्ती मरीज शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस भिलाई में 5, पल्स हास्पीटल, भिलाई-1 में 4 उपचारार्थ हैं।

### मरम्मत व नई पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू

बीएसपी के पीएचई विभाग द्वारा सेक्टर 7 सड़क 37 में गंदे पानी की समस्या को देखते पाइप लाइन रिपेयरिंग व नई पाइप लाइन बिछाने की काम शुरू कर दिया गया। नाले की पाइप लाइन के अलावा आसपास जेसीबी से सफाई करवाई जा रही है। नई पाइप लाइन बिछाने के लिए नाले के किनारे लंबा खुदाई की जा चुकी है। पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने शुक्रवार को बीएसपी के सीजीएम से चर्चा कर पाइप लाइन बदलने की मांग की थी। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सफाई व पाइप लाइन बदलने का काम जमीनी स्तर पर किए जाने की जरुरत है, ताकि आगे गंदे पानी व गंदगी से पीलिया जैसे प्रकोप न फैले। 9 अप्रैल को 9 मरीज, 10 अप्रैल को 11 और 11 अप्रैल को 9 मरीज मिले। इस प्रकार 29 मरीज मिल चुके। प्रभावित स्थलों में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव भी पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से जानकारी ली। सीजीएम से मिलकर पेयजल व्यवस्था और पाइप लाइन की जांच कर शीघ्र समस्या का स्थायी निदान निकलने का निर्देश दिया।

## ट्रक चालक से फुंडा के पास उठाईगिरी, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पाटन पुलिस ने झपटमार करने वाले दो बाइक सवार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम भटगांव खड़गांव मानपुर निवासी डामन सलाम ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने ट्रक सीजी 08-9933 से भानुप्रतापपुर जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम लोहरसी से फुंडा के मध्य नहर नाली मोड़ के पास पहुंचा, अचानक बाइक सीजी 07 सीएच 6366 में सवार दो युवक पहुंचे। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए शर्ट की जेब से नगदी 2400 रुपये झपटमारी कर फरार हो गए। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में ग्राम गोपेमुंडी उतई ऋषभ आग्नेकर, ग्राम छांटा चंद्रकुमार निषाद है। बाइक को भी पुलिस जब्त किया है।

## आरोपी की तबीयत बिगड़ी जूता सुंघाकर लाया होश में



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मासूम के साथ अनाचार करने वाले आरोपी धनेश्वर साहू उर्फ जनता साहू की शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। जब पुलिस की टीम न्यायालय में पेश करने से पहले मुलाहिजा के लिए उसे लेकर सुपेला अस्पताल लेकर पहुंची थी। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी को मुलाहिजा के बाद पुलिस लेकर जा रही थी। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांच में बच्ची के साथ अनाचार की पुष्टि हो गई है। रात में ही पुलिस ने आरोपी धनेश्वर साहू उर्फ जनता साहू को हिरासत में ले लिया था। पूछताछ और दस्तावेजी कार्रवाई के बाद उसे शनिवार की दोपहर 1.30 बजे के आसपास सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में लेकर जाया गया।

यहां मुलाहिजा के बाद उसे दुर्ग ले जाकर न्यायालय में पेश किया जाना था। मुलाहिजा के बाद पुलिस जवान के साथ आरोपी धनेश्वर साहू वॉशरूम जा रहा था। तभी अचानक चक्कर खाकर वह गिर पड़ा। उसके मुंह से झाग के साथ खून बहने लगा। आरोपी की हालत देखकर अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गई। लक्षण के आधार पर आरोपी को मिर्गी का दौरा पड़ने की संभावना जताई गई।




**खबर संक्षेप**

## राज बने धमधा ब्लॉक युकां के अध्यक्ष



**धमधा।** कांग्रेस पार्टी राज पटेल को ब्लॉक युवा कांग्रेस का नवनियुक्त अध्यक्ष बनाया गया है। इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस नियुक्ति पर ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा व जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता ने उनकी हर्ष जताते हुए कहा कि पूरे ब्लाक में युवा कांग्रेस मजबूत होगा। इनकी नियुक्ति पर पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे का आभार माना है।

## अमित को जमानत मिलने पर हर्ष

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण से विधानसभा चुनाव प्रत्याशी रहे कामेश्वर साहू ने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल को अंतरिम जमानत मिलने पर हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि सत्य की इस जीत से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़िया समाज में उत्साह का माहौल है।

## जनगणना प्रथम चरण प्रशिक्षण शुरू



**पाटन।** सेजस कन्या शाला पाटन में तहसील पाटन (ग्रामीण) अंतर्गत नियुक्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना प्रथम चरण का प्रशिक्षण शनिवार से शुरू हुआ। अनुविभागीय जनगणना अधिकारी पाटन लवकेश ध्रुव एवं तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी पाटन पवन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में जनगणना फील्ड ट्रेनरों पी. एल. सिन्हा,मोहित कुमार शर्मा, अशोक कुमार सिन्हा,वैभव तिवारी,नरोत्तम साहू,राजेश कुमार वर्मा, ललित ठाकुर राजकुमार गेण्डरे द्वारा दी गई।

## फांसी लगाकर दे दी जान

**अंडा।** थाना अंडा क्षेत्र के अंतर्गत मिलपारा अंडा निवासी सब्जी व्यवसायी ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक रम्मन कुमार जोशी (57) ने अपने घर के पास खदान की पानी टंकी में रस्सी के सहारे आत्महत्या की। अंडा पुलिस ने पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम के लिए दुर्ग भेजा। जांच जारी है।

## दुकान से कैमरे सहित नगदी चोरी

**बालोद।** दुकान में घुसकर अज्ञात चोर द्वारा दुकान में लगे कैमरे सहित नगदी की चोरी कर ली गई। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(एं), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**निधन**

## प्रतिभा पसीने

**दुर्ग।** संतराबाड़ी निवासी प्रतिभा



मोहनलाल पसीने उम्र 74 वर्ष का निधन शनिवार को हो गया। वे हर्षवर्धन पसीने, उल्लास पसीने की माता थी। उनकी दो बेटियां पल्लवी राय एवं जिज्ञासा कटकवार हैं। उनका अंतिम संस्कार 12 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 10 बजे शिवनाथ नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## अरविंद पटेल

**दुर्ग।** पटेल पारा उरला दुर्ग निवासी अरविंद पटेल का निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम किया गया। वे टेकराम पटेल के पुत्र और कमलेश पटेल के भाई थे।

## राजकिशोर बिस्वाल

**जामुल।** लवकुश नगर एसीसी



जामुल निवासी राजकिशोर बिस्वाल (70) का निधन हो गया 1 उनका अंतिम संस्कार शनिवार को उनके गृह ग्राम पेंथापाड के स्थानीय मुक्तिधाम केन्द्रापडा उड़ीसा में अंतिम संस्कार किया गया। वे ममता बिस्वाल के पति व चिपक रंजन, दीपक रंजन के पिता थे एवं हेमंत बिस्वाल के बड़े भाई थे।

# नवकार गुणों की साधना का महामंत्र है जो विश्व को युद्ध नहीं शांति देता है : बैद

## बाल ब्रह्मचारी सेठ श्री ने किया सुखासन में नवकार महामंत्र का जाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर गुरुवार को भगवान मल्लिनाथ जैन मंदिर जामगांव आर स्थित मणिधारी दादा जिनचंद्र सूरी महाराज की दादाबाड़ी में विश्व कल्याण हेतु समारोह युक्त नवकार महामंत्र सामूहिक जाप का आयोजन हुआ। जिसमें जामगांव आर जैन श्री संघ अध्यक्ष चन्द्रकैलाश ममता बैद, कोषाध्यक्ष सुरेश सुशीला जैन, महिला मंडल अध्यक्ष भारती आशीष कोचर, कोषाध्यक्ष सुनीता प्रेमचंद चोरड़िया, लक्ष्मी बैद, नागपुर से काव्या नव्या मोदी,प्रेमचंद चौरड़िया और आसकरण गोलछा ने नवकार महामंत्र जाप कर



### नवकार महामंत्र गुण वाचक

जामगांव आर जैन श्री संघ अध्यक्ष चन्द्रकैलाश बैद ने कहा कि नवकार गुणों की साधना का महामंत्र है जो विश्व को युद्ध नहीं जीवन जीने की बुद्धि देता है। आत्म कल्याण के लिए दूसरों की कल्याण भावना भाता है। मल्लिनाथ महिला मंडल अध्यक्ष भारती आशीष कोचर ने कहा कि नवकार महामंत्र हमें देता हैं आत्मकल्याण का मार्ग हम उस पर चलना तो सीखे। कोषाध्यक्ष सुरेश जैन ने कहा कि प्रतिदिन मंदिर में आधा घंटा आराधना पूजा करके भटकते हुए मन को दिशा मिलती है।

विश्व कल्याण की मंगल भावना व्यक्त की।

दादाबाड़ी में पृथक से सुखासन में बैठक कर सीनियर सिटीजन बाल ब्रह्मचारी सेठ लूणकरण बैद ने विश्व कल्याण के लिए लय बद्ध नवकार महामंत्र जाप किया। विदित हो कि सेठश्री प्रतिदिन 19 वे तीर्थंकर भगवान मल्लिनाथ जैन मंदिर का पट खोलने और बंद करने के लाभ से लाभान्वित होते है । 65 वर्ष उम्र पार कर चुके सेठ श्री ने रात में जल्दी शयन करना और सूर्योदय के पहले जागरण एवं मार्निंग वॉकिंग को स्वस्थ जीवन का राज बताया।

### पीड़ित परिवार से मिले कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर

# मासूम के साथ अमानवीय कृत्य से उपजा रोष नगरवासियों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

## कांग्रेस ने की थाना प्रभारी को हटाने की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

यहां पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई, जघन्य दुष्कर्म की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। हालांकि बच्ची को समय रहते सुरक्षित बचा लिया गया है और वह वर्तमान में सुरक्षित है, फिर भी इस घटना ने लोगों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है।

आज जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका दुःख साझा किया और हरसंभव सहयोग एवं शीघ्र न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया कि इस कठिन समय में वह पूरी मजबूती के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

इसके पश्चात कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल थाना उतई पहुंचा, जहां पुलिस प्रशासन से मुलाकात कर इस जघन्य अपराध में शामिल आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने की बात कही गई, ताकि समाज में कड़ा संदेश जा सके।

जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने इस घटना के



पीछे क्षेत्र में खुलेआम चल रहे अवैध शराब के कारोबार को भी एक बड़ा कारण बताया। उन्होंने एडिशनल एसपी मणिशंकर चंद्रा से मुलाकात कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ अवैध शराब के कारोबार को संरक्षण देने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर भी कड़ी कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान श्री ठाकुर ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पूर्व में हुई दुष्कर्म की घटनाओं में बड़े-बड़े वादे किए गए थे, जिनमें सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता लाकर न्याय दिलाने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल पाया। यह स्थिति भाजपा नेताओं की कथनी और करनी के अंतर को उजागर करती है।

कांग्रेस ने इस पूरे मामले में आरोपी को फांसी की सजा दी जाए, पीड़ित बच्ची को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा एवं मनोवैज्ञानिक सहयोग प्रदान किया जाए, पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता एवं सुरक्षा दी जाए, क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, अवैध गतिविधियों में संलिप्त या संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ,मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र बंजारे ,एवं नगर पंचायत उतई के पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी ,वर्तमान पार्षद द्वारिका साहू, पूर्व पार्षद तोषण साहू ,पहलाद वर्मा, धनंजय नेताम, प्रेम नारायण साहू, भावेश साहू ,टीकम ,डंडे, योगेश मंडले, कैलाश देवांगन ,सत्य प्रकाश कौशिक, पालेस्वर ठाकुर, श्याम मनहरण ,लोचन यादव ,गुलशन शर्मा, शुभम बम भोले ,गौरव शर्मा ,मुकेश साहू ,अरुण वर्मा, गजेंद्र साहू ,गजेंद्र काकडे एवं पीड़ित बच्ची के परिवार जन एवं वार्ड उपस्थित थे।

# लोगों की तत्परता से बची युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

एक हैरान कर देने वाली घटना में जहां एक ओर शराब की बोतल आत्मघाती कदम का कारण बन रही थी, वहीं उसी बोतल ने एक युवक की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। यह मामला पाटन क्षेत्र का है, जहां नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी और पार्षदों की सूझबूझ और तत्परता से एक युवक को नया जीवन मिल गया।

जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले अपने पार्षद साथियों के साथ रायपुर से पाटन लौट रहे थे। इसी दौरान आईटीआई पाटन के पास मोतीपुर मार्ग किनारे एक बबूल के पेड़ पर एक युवक को फांसी के फंदे पर झूलते हुए देखा गया। यह दृश्य देखते ही सभी लोग तुरंत वाहन से उतरकर मौके पर पहुंचे और बिना देर किए युवक को बचाने का प्रयास शुरू कर दिया। घटना स्थल पर रस्सी काटने के लिए कोई धारदार उपकरण उपलब्ध नहीं था। ऐसे में वहां पड़ी शराब की शीशी, जिसे युवक ने पी थी, उसे फोड़कर उसके कांच के टुकड़े से रस्सी को काटा गया। पार्षदों ने मिलकर युवक को संभाला और नीचे उतारकर उसकी जान बचाई। युवक की पहचान खोरपा वार्ड निवासी रवि ठाकुर के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद पाटन पुलिस को सूचना दी गई और युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर किया गया। फिलहाल युवक की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि समय पर लिया गया निर्णय और मानवीय संवेदनाएं किसी की भी जान बचा सकती हैं।

# महतारी वंदन के हितग्राही हो रहे परेशान केवाईसी की दिक्कत दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर कांग्रेस कमेटी पाटन द्वारा महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को केवाईसी कराने में आ रही गंभीर समस्याओं को लेकर शुक्रवार को पाटन एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से

■ पाटन एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर निराकरण की मांग

कांग्रेसजनों ने हितग्राहियों की परेशानी को प्रमुखता से उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि शासन द्वारा केवाईसी के लिए निर्धारित समय-सीमा बहुत कम रखी गई है, जिससे बड़ी संख्या में हितग्राही समय पर अपनी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इसके साथ ही लगातार सर्वर में तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, जिसके कारण शासकीय



केंद्रों में कार्य प्रभावित हो रहा है और लोगों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कांग्रेस पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि जहां एक ओर सरकारी व्यवस्था सुचारू रूप से काम नहीं कर पा रही है, वहीं दूसरी ओर निजी चॉइस सेंटरों में शुल्क लेकर तत्काल केवासी किया जा रहा है। इससे गरीब और जरूरतमंद हितग्राहियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। नगर कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि केवासी की समय-सीमा बढ़ाई जाए, ताकि सभी हितग्राही बिना किसी दबाव और अतिरिक्त खर्च के अपनी प्रक्रिया पूरी कर सकें। साथ ही सर्वर की तकनीकी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने और शासकीय केंद्रों में व्यवस्था सुधारने की भी मांग की गई। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोपाल देवांगन, नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे, पार्षद मनोज कुर्रे, मनीष देवांगन, बिरेंद्र कौशिक, प्रदीप देवांगन, तरुण बिजौर, सरजू साहू, नीरज सोनी कमल किशोर वर्मा आदि मौजूद थे।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड



व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।

## औद्योगिक सुरक्षा सेफ्टी ऑफिसर पद पर चार लोग चयनित

**भिलाई।** फायर सेफ्टी और डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई से इंडस्ट्रियल सेफ्टी व फायर फाइटर का



प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत संस्था के चार छात्रों सपना मंडल, नीलेश, अभिषेक तांडी और विवेक दुबे का का चयन सेफ्टी ऑफिसर पद के लिए चयन हुआ है। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी, निर्देशक मनोज ठाकरे ने बताया कि फायर ट्रेनिंग शत्रुहन लाल धनकर और औद्योगिक सुरक्षा (सेफ्टी) की ट्रेनिंग तपन कुमार विश्वास रिटायर भिलाई स्टील प्लांट द्वारा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि संस्था में एमएसएमई-सीटीआर, लुधियाना पंजाब द्वारा छात्रों को औद्योगिक सुरक्षा और अग्निशमन का प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण-पत्र दिया जाता है। इसे प्राप्त करने के बाद संस्था के विद्यार्थियों ने एचएससीएल कंपनी से प्रकाश गैक्वार्ड भिलाई स्टील प्लांट और सहयोगी टीम के द्वारा सेफ्टी ऑफिसर पद के लिए छात्रों का इंटरव्यू लिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि संस्था में बहुत ही सुचारू रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इस कारण योग्य उम्मीदवार प्राप्त हुए।

## तीन सड़क हादसे में एक महिला की मौत

■ अन्य दो घायल

**भिलाई।** सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि गोड़पेंडरी गांव के पास महिला अपने पोते के साथ दुर्ग से गरियाबंद जा रही थी। तभी स्कूटी सीजी 23 एम 5835 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रेलिंग से जा टकराई।

महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं युवक के पैर में गंभीर चोट आई है। ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। वहीं दूसरी घटना गोड़पेंडरी का ही है। जहां पाटन से दुर्ग की ओर जा रहा बाइक सवार युवक सड़क पर बिखरे मुरुम की चपेट में आने से डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में युवक को मामूली चोटें आईं। तीसरी घटना पाटन थाना क्षेत्र की है जहां एसडीओपी कार्यालय के पास दुर्गा मंदिर के समीप दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम पतोरा निवासी तरुण साहू गंभीर रूप से घायल हो गया।

**अंचल की खबरें**

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने योजनाओं की दी जानकारी



**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी के "गांव चलो, घर-घर चलो" अभियान के तहत ग्राम सिर्री के बूथ क्रमांक 220 एवं 221 में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी और लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। अभियान में मुख्य रूप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकार, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष टीआर डहरे, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत वर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री नेमलाल यादव, राजेंद्र चंद्राकर, ग्राम सरपंच श्रीमती भारती देवांगन, केशव चंद्राकर, नंदू वर्मा, सह संयोजक गुलाब देशलहरा, जगत वर्मा, खेमलाल देवांगन, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जीतू देवांगन सहित कई वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गांव-गांव में हो रहा जनसेवा का विस्तार : नायक



**सेलूद।** भारतीय जनता पार्टी "गांव बस्ती चलो अभियान" के तहत जमगांव आर मंडल के ग्राम कौही, बोरेन्दा एवं असोगा तथा अमलेश्वर मंडल के ग्राम जमराव में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांकरा में किया जनसंवाद



**भिलाई।** पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा मंडल अम्लेश्वर द्वारा "गांव चलो-घर चलो" अभियान के तहत ग्राम सांकरा में व्यापक जनसंपर्क किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी दयानंद सोनकर तथा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवि सिंगौर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उन्हें योजनाओं का लाभ और उनसे जुड़ी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर छोटू यादव (बूथ अध्यक्ष), मनहरण सिंगौर (सांसद प्रतिनिधि), तुलाराम सिंगौर (पंच), महेंद्र पारधी (पंच), कामता सिंगौर, तिहारु बघेल, यशवंत जांगड़े, उग्रसेन सिंगौर, पिंटू यादव, राजकुमार सिंगौर, विकास सिंगौर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा नेताओं ने किया योजनाओं का आंकलन



**जामगांव आर।** प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा संगठन के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पखवाड़ा के द्वितीय चरण में गांव चलो घर चलो अभियान जारी है। यहां असोगा , कौही बोरेन्दा, रानीतराई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों को सरकार की समस्त योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। महतारी वंदन के संबंध में केवाईसी , प्रधानमंत्री आवास, जी राम जी, नलजल योजना और सभी योजनाओं के चर्चा की गई। जिसमें जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, तहसील साहू संघ पाटन अध्यक्ष लालेश्वर साहू ,जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा ,युवा मोर्चा अध्यक्ष लुभम बंछोर, महिला मोर्चा अध्यक्ष गायत्री यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कौशल जंगीर ,एससी मोर्चा अध्यक्ष गंगाराम जोसी ,गुमान साहू मंडल उपाध्यक्ष , कोवेंद्र साहू हेमंत निर्मलकर , छावेंद्र अंगारे, रमेश टंडन , लीना साहू , सुरेश साहू ,योगेश्वर साहू , संतोष साहू, सोहन साहू , मुकेश साहू, नारद पाल, ईश्वर यादव , पुराणिक साहू , यशवंत साहू , कामेश निर्मलकर , रमेश साहू , पुरुषोतम साहू , पितेश साहू , अश्वनी साहू , आकाश यादव एवं भाजपा पदाधिकारी और समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026



## मैं रिसाली निगम ... 151 एकड़ जमीन बीएसपी ने दी, जिसमें बसी है पूरी बस्ती

# अस्पताल, कॉलेज, ऑडिटोरियम, नालंदा परिसर, गोकुल नगर के लिए चार साल से नहीं मिल पाई थोड़ी भी जमीन

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

मैं हूं रिसाली निगम। मेरी उम्र करीब 6 साल की है। यहां के रहवासियों के लिए कार्ययोजना बनी। लोगों के इलाज के लिए 30 बिस्तर अस्पताल बनाना है। यहां के विद्यार्थी कॉलेज में पढ़ाई कर सके इसके लिए कॉलेज शुरू करवाए। ऑडिटोरियम, नालंदा परिसर,गोकुल नगर, शहर का सौंदर्यीकरण जैसे कई विकास कार्य से मैं संवर सकती हूं। लेकिन इसके लिए जगह नहीं है। मेरे खुद के लिए निगम भवन नहीं है। सालों मशक्कत के बाद बीएसपी से 151 एकड़ जमीन मिली। पूरी जमीन में बस्ती बसी है। यानी पूरा अवैध कब्जा।

राजनैतिक व प्रशासनिक खेल में मैं इतनी उलझी हूं कि मेरा विकास कोसों दूर हैं। हर साल बजट में इन विकास कार्यों के लिए करोड़ों का प्रावधान होता है पर जगह नहीं होने से काम शुरू ही नहीं हो पाता।

### इन विकास कार्यों के लिए नहीं है जगह

### 1 30 बिस्तर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भर्ती नहीं बजट-70 लाख



30 बिस्तर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसाली निगम क्षेत्र में शुरू करवाया गया है। इस अस्पताल के भवन निर्माण के लिए 70 लाख रुपए का बजट हर साल की तरह प्रावधान किया गया है। हाल यह है कि रूआबांधा स्थित बीएसपी के जर्जर हेल्थ सेंटर में यह संचालित करना पड़ रहा है। भवन नहीं होने की वजह से न यहां डिलवरी हो पाती है और न ही भर्ती की सुविधा शुरू हो पा रही है। प्रसूति कक्ष के छत से पानी टपकता है।

### 2 स्कूल में पढ़ रहे पांच साल से कॉलेज के विद्यार्थी बजट- 4.65 करोड़



सरकारी कॉलेज को खुले 5 साल हो गए हैं। टंकी मरोदा के सरकारी स्कूल के कमरे उधारी लेकर इस कॉलेज को जैसे-तैसे संचालित किया जा रहा है। यानी यहां विद्यार्थियों की पूरी स्नातक बैच स्कूल में ही पढ़कर निकल गई। कॉलेज भवन नहीं होने की वजह से हर साल विद्यार्थी यहां घट रहे हैं और इसे बंद करने की नौबत आ गई है। सरकार ने भवन के लिए 4.65 करोड़ रुपए मंजूर कर दिए हैं।

### 3 नहीं बना चार साल से ऑडिटोरियम बजट- 4 करोड़



रिसालीवासियों को सुविधाएं देने के लिए शुरूआत से ही ऑडिटोरियम की कार्ययोजना बनी। रिसाली दशहरा मैदान क्षेत्र में ऑडिटोरियम का निर्माण होना है। 4 करोड़ का बजट ऑडिटोरियम निर्माण के लिए है। ऑडिटोरियम बनता तो यहां के लोगों को एक ही जगह कई सुविधाएं मिल पाती। बीएसपी से एनओसी लेकर भी निर्माण की कोशिश की गई लेकिन उन्होने नियम का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया।

### 4 नहीं बस पाया गोकुल नगर 7.50 करोड़



रिसाली क्षेत्र में अघोषित तबले हैं। मवेशी पालक रहवासी क्षेत्र के बीच ही भैंस खटाल संचालित कर रहे हैं। नालियों में गोबर बहता है और जगह-जगह गोबर फेंके हुए मिलेंगे। संक्रामक बीमारियों का खतरा बारिश के दिनों में होता रहा है। इसलिए निगम ने अलग से गोकुल नगर बसाने की प्लानिंग की। बजट में 7.50 करोड़ का प्रावधान रखा लेकिन यह भी जगह नहीं मिलने की वजह से फाइलों में ही सिमट कर रह गई।

### 5 नालंदा परिसर केवल फाइलों में



प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के सपनों को पर देने के लिए रिसाली क्षेत्र में नालंदा परिसर का निर्माण होना है। लाइब्रेरी की भी सुविधा होगी। रीडिंग जोन भी बनेगा। इसके निर्माण से युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छा माहौल मिलेगा। उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अच्छी पुस्तकें भी मिलेंगी। हर वर्ग के युवाओं के कॅरियर निर्माण की दिशा में नालंदा परिसर उपयोगी है लेकिन यह धरातल पर नहीं उतर पा रही।

### सौंदर्यीकरण से लेकर कई विकास कार्य अटके हुए



रिसाली निगम का अनुमानित बजट पिछले साल 211 करोड़ रुपए का था। जिसमें कई विकाय कार्यों को अंजाम देने का मकसद रहा। इस साल यानी वित्तीय वर्ष 2026-27 में 223 करोड़ 51 लाख रुपए का अनुमानित बजट रखा गया है। यानी 12.50 लाख रुपए ज्यादा का बजट हैं। जिसमें इंडोर स्टेडियम 2.50 करोड़, आफिस भवन 1.50 करोड़, सामुदायिक भवन 1.65 करोड़, मार्केट बिल्डिंग 1.50 करोड़, सौंदर्यीकरण, पेवर ब्लॉक आदि विकास कार्य होना है लेकिन जगह ही नहीं है।

### ऐसे में कैसे मिलेगा जमीन का मालिकाना हक

जिस जमीन का हस्तांतरण संबंधी एमओयू बीएसपी व जिला प्रशासन के बीच हुआ है वह जमीन बसाहट पर है। वर्षों से बीएसपी के इस जमीन पर लोग आवास बनाकर निवासरत है। जमीन का मालिकाना हक नहीं होने की वजह से यहां निवासरत लोगों को आवास जैसी अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही है। मालिकाना हक दिलाने की घोषणा एक साल पहले से हो चुकी है।

### कब्जा कौन हटाएगा यह बड़ा सवाल

जमीन हस्तांतरण प्रक्रिया विलंब करने पर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने लोकसभा सत्र में उठाया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सक्रियता दिखाई। जिसकी वजह से जमीन तो रिसाली निगम को मिल गई है लेकिन बीएसपी ने जो भू अभिलेख उपलब्ध करवाया है वह पूरी कब्जे में हैं। जब तक बीएसपी और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से जरूरत के अनुरूप जगह खाली नहीं करवाएंगे तब तक विकास की योजनाएं केवल फाइलों में धरी की धरी रह जाएगी। बड़ा सवाल है कि कब्जा कौन हटवाएगा।

### बीएसपी से मिली जमीन जो कब्जे में

- स्टेशन मरोदा 25 .68 एकड़
- मौहारी मरोदा 12 .09 एकड
- नेवई पुराना 21.56 एकड
- नेवई भाठा 7 .03 एकड़
- एचएससीएल कॉलोनी 85 .13 एकड़

### बीएसपी ने दी थी 290 एकड़ जमीन

रिसाली निगम गठन से पहले भिलाई निगम में समाहित था। विभाजन के बाद बीएसपी ने दोनों निगम को अलग-अलग जमीन दी। जनवरी 2022 में 32 वर्ष पुराने ओ.एम.यू. के आधार पर 290 एकड़ जमीन भिलाई निगम और रिसाली निगम को संयुक्त रूप से दिया था। इसमें से 153.70 एकड़ जमीन रिसाली निगम सीमा क्षेत्र में है। यह भूमि बसाहट वाला है। जिसे निगम को उपलब्ध कराया गया।

## दो सटोरिया पुलिस की गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सट्टापट्टी लिखने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि बजरंग पारा उरला निवासी वतन सिंह टण्डन, ग्रीन चौक, दुर्ग सुरेन्द्र उर्फ मोनू सुलाखे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सटोरियों के पास से पुलिस ने नगदी रकम 77 हजार 20 रुपए, 7 मोबाइल फोन जब्त किया है। आरोपियों ने स्वीकार किया कि अवैध रूप से आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए सट्टा संचालित करते थे। पुलिस ने श्रीनगर उरला दुर्ग के पास दबिश दिया था। पुलिस की अपील है कि आम नागरिक जुआ-सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों से दूर रहें। ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।









हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

## हर घर तक पहुंचे इलाज और जीवन बने सुरक्षित लिया संकल्प



**भिलाई।** नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने एक बड़ा लक्ष्य तय करने योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जहां स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुवनेश्वर कुमार कठौतिया ने कहा कि अब समय है लक्ष्य नहीं, परिणाम पर फोकस करने का। उन्होंने फील्ड में कार्यरत पैरामेडिकल स्टाफ और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में टीबी उन्मूलन को लेकर खास जोर दिया गया। हर संभावित मरीज की जांच सुनिश्चित करने और जरूरत पड़ने पर एक्स-रे के माध्यम से भी बीमारी की पहचान बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर विशेष फोकस किया गया। गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण, हाई रिस्क मामलों की पहचान और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। टीकाकरण और बुजुर्गों की सुरक्षा की दिशा में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण, 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए वय वंदना कार्ड और मीजल्स-रूबेला उन्मूलन अभियान को पूरी ताकत से लागू करने के साथ ही एचपीवी वैक्सीनेशन के जरिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव पर भी जोर दिया गया। गैर संचारी रोगों पर नजर रखते हुए डायबिटीज, हाइपरटेंशन, ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर जैसे रोगों की समय पर स्क्रीनिंग और मरीजों के नियमित फॉलोअप को अनिवार्य बताया गया। मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारी के साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए लू प्रबंधन, पीलिया और जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। नल-जल योजनाओं के तहत पानी की शुद्धता, क्लोरीनेशन और पाइपलाइन सुधार जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। जमीनी स्तर पर निगरानी का भरोसा दिलाते हुए सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. शिखर अग्रवाल ने भरोसा दिलाया कि फील्ड में संसाधनों की उपलब्धता और निगरानी सुनिश्चित की जाएगी ताकि हर लक्ष्य समय पर हासिल हो सके। इस बैठक में अधिकारियों ने समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं अब आंकड़ों से आगे बढ़कर हर व्यक्ति के जीवन को सुरक्षित बनाने की दिशा में काम कर रही हैं। बैठक में आर एम ए प्रज्ञा कुशवाहा और एल एच व्ही आर विश्वास भी उपस्थित थे।

-

● रूंगटा आर-1 के फाइनल ईयर छात्रों को मिला यादगार फेयरवेल

# यादों की डोर से बंधी फेयरवेल पार्टी, ढोल नगाड़ों के बीच हंसी और आंसुओं संग सीनियर्स को कहा अलविदा

**कालेज के आखिरी दिन और दोस्तों के साथ फेयरवेल में हंसी, मस्ती और भावनाओं के साथ जूनियर्स ने सीनियर्स को अलविदा कहा। कालेज का माहौल उस समय भावुक हो उठा जब फाइनल ईयर के छात्रों ने अनोखे अंदाज में विदाई दी।**




### हमेशा मदद करने का दिया भरोसा

फेयरवेल समारोह में सीनियर छात्र-छात्राएं पूरी तरह सजे-धजे अंदाज में पहुंचे। डीजे की धुन पर उन्होंने जमकर डांस किया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान छात्रों ने एक-दूसरे के साथ सेल्फी ली और यादों को कैमरे में कैद किया। माहौल में खुशी और भावनाओं का अद्भुत मिश्रण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान सीनियर छात्रों ने अपने जूनियर्स को पढ़ाई में हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने कहा कि भले ही कॉलेज का यह आखिरी दिन है, लेकिन रिश्ते हमेशा कायम रहेंगे और सभी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहेंगे। यह पल सभी के लिए बेहद खास और यादगार बन गया।





**भिलाई।** रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी रूंगटा आर-1 कॉलेज में शनिवार को फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक और यादगार विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैंपस में उत्साह, उमंग और भावुकता का अनोखा संगम देखने को मिला। सीनियर छात्रों के लिए आयोजित इस फेयरवेल कार्यक्रम को खास बनाने के लिए जूनियर्स ने कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर छात्रों के स्वागत से हुई। जैसे ही फाइनल ईयर के विद्यार्थी कॉलेज परिसर में पहुंचे, जूनियर छात्रों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। फूलों की वर्षा कर और माथे पर तिलक लगाकर उन्हें सम्मान दिया गया। इस पारंपरिक और आत्मीय स्वागत ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। सीनियर्स के लिए उनकी क्लासरूम को भी विशेष रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी सजावट, गुब्बारों और पोस्टर्स से सजी कक्षाओं में छात्रों ने अपने कॉलेज जीवन की यादों को एक बार फिर जीया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी सीट पर बैठकर उन खट्टे-मीठे पलों को याद किया, जो उन्होंने पिछले वर्षों में साथ बिताए थे। कई छात्र इस दौरान भावुक भी हो गए और अपने दोस्तों के साथ बिताए समय को याद करते नजर आए।




### उज्ज्वल भविष्य के लिए की कामना

इस अवसर पर रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने करियर में आगे बढ़ने, कड़ी मेहनत करने और अच्छे स्वास्थ्य का ध्यान रखने की प्रेरणा दी। प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, संस्थान के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, सीईओ सोनल रूंगटा और रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में एकेडमिक्स में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसने छात्रों के उत्साह को और बढ़ा दिया।



### छात्रों को मिले पुरस्कार

सिद्धार्थ कुमार, श्रीराम शर्मा, अपूर्व कुमार, नोहित सिंह चौहान, आशीष सिंह को मिस्टर एकेडमिक से नवाजे गए वहीं, सुप्रिया धारा, सुरुचि सिंह, स्वाति कुमारी, मेहरून निशा, मुस्कान मिस एकेडमिक बनीं। यह विदाई समारोह न केवल छात्रों के लिए यादगार रहा, बल्कि कॉलेज परिवार के लिए भी एक भावुक पल बन गया। हंसी, खुशी और आंसुओं के बीच सीनियर छात्रों ने अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को अलविदा कहा और नए सफर की ओर कदम बढ़ाया।

## अंबेडकर के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लिया गया संकल्प

**भिलाई।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में भिलाई जिला प्रभारी रामजी भारती और जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन द्वारा विस्तृत रूपरेखा तैयार कर सभी मंडलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला अध्यक्ष ने बताया कि जयंती के अवसर पर प्रत्येक मंडल में माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन, विचार गोष्ठी, संगोष्ठी एवं सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्ष एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों, मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रम को सफल बनाएं। इसके लिए सभी स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।




जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बाबा साहेब के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का एक संकल्प है, जिसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, नटवर ताम्रकार, गोपाल कृष्ण वर्मा, पूनम शुक्ला, चंद्रकांता मांडले, चन्ना केशवलू, महामंत्री मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, मंत्री विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

## यूथ सिख सेवा समिति ने बेटी की पढ़ाई का उठाया जिम्मा



**भिलाई।** यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने शिक्षा सहायता अभियान के तहत एक जरूरतमंद बेटी की मदद कर उसकी पढ़ाई जारी रखने में अहम भूमिका निभाई। समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू की पहल पर यह सहायता दी गई।

फॉर्म सत्यापन के दौरान टीम को पता चला कि सेक्टर-7 स्थित बीएसपी के किराए के मकान में एक विधवा महिला अपनी बेटी के साथ रह रही हैं। पिता का निधन हो चुका है और परिवार की पूरी जिम्मेदारी मां पर है, जो घरों में खाना बनाकर गुजारा कर रही हैं। बेटी ने हाल ही में 12वीं की परीक्षा दी है, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उसकी स्कूल फीस बाकी थी। एमजीएम विद्यालय ने मानवीय पहल दिखाते हुए 50 प्रतिशत फीस में छूट दी। इसके बाद बची हुई राशि 16,120 रुपए का चेक यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह और उनकी टीम ने प्रदान किया। यह पहल न सिर्फ एक छात्रा के भविष्य को संवारने का काम कर रही है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत कर रही है।

लाइव इवेंट

## हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशन के राहगीरों को पानी, फल और बिस्किट का वितरण कर जाना हालचाल



**भिलाई।** लगातार बढ़ रही गर्मी को देखते हुए सामाजिक सेवा के भाव से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सदस्यो ने सेवा कार्य किया। इस दौरान हॉस्पीटल, रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों में पानी, फल और बिस्किट का वितरण किया। इसी कड़ी में बीजेपी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा भाव के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ओबीसी मोर्चा दुर्ग जिला, रिसाली मंडल एवं मरोदा पुरैना मंडल द्वारा रिसाली स्थित प्रदीप हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा दुर्ग जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मरीजों का हालचाल जाना एवं उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने मानव सेवा को ही सर्वोपरि बताते हुए कहा कि पार्टी सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कमलेश हिरवानी एवं ओमप्रकाश रजक, मंत्री रमेश वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रेम देवांगन, कार्यालय मंत्री नगीना यादव, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, उपाध्यक अजीत चौधरी, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, उपाध्यक्ष श्री नवीन सिन्हा उपस्थित रहे। ओबीसी मोर्चा रिसाली मंडल अध्यक्ष विक्की सोनी, महामंत्री जागेश्वर और बलराम यादव तथा ओबीसी मोर्चा मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष रानू धनकर, महामंत्री मुकेश यादव, दिलीप सोनी, राजा यादव, आंचल ने भी अपनी सहभागिता दी।

## नववर्ष पर भिलाई बंगाली समाज का आयोजन 15 को



**भिलाई।** बंगाली नव वर्ष के अवसर पर भिलाई बंगाली समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 15 अप्रैल बुधवार को शाम 7:30 बजे से ओपन एयर थिएटर सिविक सेंटर में किया गया है। इस खास मौके पर सुपर सिंगर सीजन-3 के विजेता, सारेगामापा फेम प्लेबैक सिंगर प्रणय मजूमदार अपनी लाइव प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सांस्कृतिक संध्या का आनंद लें और नव वर्ष का स्वागत उत्साह के साथ करें।

विद्यार्थियों को कौशल से आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ाने उद्यमिता जागरुकता व्याख्यान

कार्नर न्यूज

## बदलते समय और फैशन के अनुरूप उत्पाद तैयार करना सफलता की कुंजी, युवाओं को उद्यमिता का मिला मंत्र

**भिलाई।** आज के दौर में सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि कौशल और रचनात्मकता ही सफलता की असली पहचान बनते जा रहे हैं। इसी सोच को मजबूत करने के उद्देश्य से उद्यमिता जागरूकता विषय पर शंकराचार्य महाविद्यालय में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को बदलते समय और फैशन के अनुरूप उत्पाद तैयार करने के टिप्स दिये, वहीं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों के जरिए स्वरोजगार की जानकारी दी।

### बदलते समय और फैशन के अनुरूप उत्पाद करें तैयार

कार्यक्रम में मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल विभाग से जुड़ीं और भारत विकास परिषद की सदस्य डॉ. प्राची ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आत्मनिर्भरता का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि कम लागत में तैयार होने वाली कलात्मक वस्तुएं जैसे मंडला आर्ट, गोदना, डोकरा और मधुबनी कला न केवल रचनात्मकता का माध्यम हैं, बल्कि इन्हें आय के स्रोत के रूप में भी विकसित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी साधारण वस्तु को नए डिज़ाइन और आकर्षक प्रस्तुति के साथ बाजार में उतारकर उसकी मांग बढ़ाई जा सकती है। बदलते समय और फैशन के अनुरूप उत्पाद तैयार करना सफलता की कुंजी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आज ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों के जरिए उत्पादों का विपणन आसान हो गया है, जिससे युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़े हैं।





### रोजगार मांगने के बजाय देने वाला बनने पर दिया जोर

डॉ. प्राची ने मुद्रा योजना एवं हस्तशिल्प योजना जैसी शासकीय पहलों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पूंजी, कच्चे माल और विपणन जैसी चुनौतियों का जिक्र करते हुए उनसे निपटने के उपाय भी बताए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि वर्तमान समय में केवल डिग्री के भरोसे रहना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को रोजगार मांगने के बजाय रोजगार देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अकादमिक डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने व्याख्यान को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि यह आयोजन युवाओं को अपनी रचनात्मकता पहचानने और उसे आत्मनिर्भरता में बदलने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लक्ष्मी वर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. शिल्पा कुलकर्णी, डॉ. उज्ज्वल भोसले, सुधा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**सिटी इवेंट**

## श्रमिकों की जांच के साथ योजनाओं की दी जानकारी



■ रसमड़ा में ईएसआई का फ्री हेल्थ कैंप

**भिलाई।** रसमड़ा औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं ईएसआई ने सोना बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिकों ने हिस्सा लिया। इस शिविर में श्रमिकों की शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया और जरूरत के मुताबिक दवाइयों का वितरण भी किया गया। ईएसआई की टीम ने मौके पर श्रमिकों को अपनी विभिन्न योजनाओं और उनसे मिलने वाले लाभों की भी जानकारी दी, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इन सुविधाओं का फायदा उठा सकें। शिविर में ईएसआई रसमड़ा के डॉ. मनप्रीत सिंह भाटिया, डॉ. भूपेंद्र सिंह पैकरा, डीके रत्रश नंद, सुभाष साहू, जागेश्वर, श्रद्धा, अजय, संतोष, योगेश व पंकज ने सेवाएं प्रदान की। वहीं सोना बेवरेजेज कंपनी के राकेश जैन, नुरेश धनकर द्वारा शिविर में विशेष सहयोग किया गया है। ईएसआई अधिकारियों के मुताबिक, ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य और जागरूकता शिविर हर महीने अलग-अलग कंपनियों में आयोजित किए जाएंगे, ताकि श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।



**समाज लाइव**

## प्रिंसिपल ने सपत्नीक की देहदान की घोषणा



■ काउंसलिंग के बाद देहदान की वसीयतें सौंपी

**भिलाई।** मॉडल टाउन निवासी डीएवी स्कूल, नारायणपुर के प्रिंसिपल असित बरन बोस और उनकी पत्नी मुनमुन बोस ने सामाजिक संस्था प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के बाद उनके माध्यम से अपनी देहदान की वसीयतें जारी की। एम्स रायपुर के नाम से जारी की गई देहदान की वसीयत में बोस दम्पत्ति ने आपस में साक्षी रिश्तेदार के रूप में हस्ताक्षर करते हुए अपना भावनात्मक सहयोग प्रदान किया। असित बोस ने देहदान के उद्देश्य के बारे में बताया कि अपनी मृत्यु के पश्चात जिन्दा समाज की भलाई के लिए चिकित्सा अध्ययन हेतु अपना शरीर दान करने का संकल्प हमने स्वेच्छा से लिया है। देहदान की इस पुनीत में दंपति की बेटी अर्पिता,दामाद सौरभ विश्वास और रिटायर्ड हेडमास्टर रुद्र नारायण सिन्हा की भी विशेष सहभागिता रही।

**धर्म इवेंट**

## कथा के पांचवें दिन सति मोह पार्वती जन्म और शिव-पार्वती



**अण्डा।** 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन शनिवार, को कथा का अत्यंत महत्वपूर्ण और भावनात्मक प्रसंग सुनाया गया। इस अवसर पर कथा वाचक प्रज्ञापुत्र सुरेश कुमार दीवान ने सति मोह, माता पार्वती के जन्म एवं भगवान शिव-पार्वती विवाह का विस्तृत और मनोहारी वर्णन किया।

कथा के दौरान बताया गया कि माता सति ने अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में भगवान शिव के अपमान को सहन न कर आत्मदाह कर लिया था। इस प्रसंग ने सभी श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। इसके बाद माता सति ने ही पर्वतराज हिमालय के घर माता पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया और बचपन से ही भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। कथा वाचक ने माता पार्वती की तपस्या, उनकी अटूट श्रद्धा और भगवान शिव के प्रति समर्पण का अत्यंत प्रेरणादायक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति, धैर्य और विश्वास के बल पर ही जीवन में इच्छित फल की प्राप्ति संभव होती है। अंततः भगवान शिव ने माता पार्वती की तपस्या से प्रसन्न होकर उनसे विवाह किया, जिसका दिव्य प्रसंग कथा में बड़े ही भव्य और उत्साहपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान विवाह प्रसंग के वर्णन पर कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु हर-हर महादेव और जय माता पार्वती के जयघोष से गूंज उठे। पूरा वातावरण भक्ति और उत्साह से सराबोर हो गया।कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को यह संदेश दिया गया कि जीवन में संयम, समर्पण और सच्ची आस्था से ही हर कठिनाई को पार किया जा सकता है और भगवान की कृपा प्राप्त होती है। कथा स्थल में खम्भन सिन्हा, जमुना सिन्हा,छन्नू लाल, रेणुका बाई सिन्हा, भूपेन्द्र सिन्हा, लीना सिन्हा, रोमलाल सिन्हा यामिनी, कविता सिन्हा ईश्वर सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, विवेक सिन्हा, अकांक्षा सिन्हा नैन्शी, यशराज, सेजल, वनिता उपस्थित थे।

● प्रगतिशील किसान ने युवाओं को किया प्रेरित, बताया मशरूम की खेती में रोजगार के बेहतर अवसर

# नौकरी से आगे बढ़कर मशरूम की खेती से मिली आत्मनिर्भरता, आज लोगों को भी जोड़ रहा रोजगार से

दुर्ग। एक युवा ने पारंपरिक सोच से अलग हटकर खेती को नया आयाम दिया है। कम जगह, कम लागत और बेहतर मुनाफे के साथ मशरूम उत्पादन को उन्होंने सफल व्यवसाय में बदल दिया है। छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय की बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा शिक्षा मिश्रा ने व्यवहार कौशल विषय के अंतर्गत धनोरा, दुर्ग क्षेत्र में एक प्रगतिशील किसान से साक्षात्कार किया, जिसमें मशरूम उत्पादन के माध्यम से आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक कहानी सामने आई। जहां एक ओर पारंपरिक खेती को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं नई सोच और नवाचार के साथ युवा किसान खेती को लाभदायक व्यवसाय में बदल रहे हैं। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण दुर्ग जिले के गोल्डन चौक, विद्या नगर फेज-2, धनौरा, बोरसी रोड क्षेत्र से सामने आया है। यहां एक सिविल इंजीनियर पिछले 4 वर्षों से मशरूम उत्पादन का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अतिरिक्त आय के स्रोत के रूप में इस कार्य की शुरुआत की थी, जो आज एक सफल व्यवसाय का रूप ले चुका है। खास बात यह है कि उन्होंने महज 750 स्क्वायर फीट के छोटे से क्षेत्र में ऑयस्टर मशरूम की खेती शुरू की और कम जगह में अधिक उत्पादन कर अच्छा मुनाफा अर्जित किया।



### प्रशिक्षण से बढ़ा रहे जागरुकता

वे केवल स्वयं तक सीमित नहीं रहे, बल्कि कई किसानों और युवाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं और युवा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।



जिले में मशरूम की खेती करने वाले युवाओं की संख्या बढ़ रही। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे लेकर खासा उत्साह है।

### अपशिष्ट से भी बना रहे आय का जरिया

मशरूम उत्पादन के बाद बचने वाले अपशिष्ट का उपयोग वे वर्मी कम्पोस्ट बनाने में करते हैं, जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। इसके साथ ही वे ऑयस्टर मशरूम से अचार, कुकीज और बड़ी जैसे उत्पाद तैयार कर वैल्यू एडिशन के माध्यम से अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं।

### युवा सोच से बदल रही खेती की तस्वीर

कम लागत, कम जगह और बेहतर मुनाफे के कारण मशरूम उत्पादन किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह उदाहरण दर्शाता है कि यदि नई तकनीक और सही दिशा में प्रयास किया जाए, तो खेती को एक सफल व्यवसाय बनाया जा सकता है।

**12 से 16 अप्रैल तक कानपुर में आयोजन**

## दुर्ग की ईस्ट जोन उपविजेता खो-खो पुरुष टीम आल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की खो-खो पुरूष टीम 12 से 16 अप्रैल तक छत्रपति साहू महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित ऑल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई। टीम के खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस व जूता प्रदान किया गया।



खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि खो-खो पुरूष टीम का प्रशिक्षण शिविर शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई में आयोजित कराया गया। खो-खो पुरूष टीम हाल ही में सिखो कान्हो बिरसा विश्वविद्यालय, पुरोलिया वेस्ट बंगाल में आयोजित ईस्ट जोन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में उपविजेता का खिताब जीता। जिसके बाद टीम में शामिल सभी खिलाड़ी आल इंडिया प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। इस टीम के मैनेजर शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई के क्रीड़ाधिकारी लोकेश्वर ठाकुर व प्रशिक्षक एन.आई.कोच केशरी नंदन साहु जिनके मार्गदर्शन में टीम प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेगी।

खो-खो टीम में दुर्गेश कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, लक्ष्यदीप बंजारे शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, अंकुश सिंह शासकीय महाविद्यालय, सेजल कुमार शासकीय महाविद्यालय, चमन कुमार शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, विकास कुमार शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, राजदीप साहू मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, तरूण देवांगन शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, ओमप्रकाश साहू शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, राहुल कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, विमल टंडन शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, वेदप्रकाश कल्याण पीजी महाविद्यालय भिलाई नगर, राकेश कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, थामलेश्वर शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चोकी चोमेश कुमार शासकीय महाविद्याल, डोंगरगांव के खिलाड़ी शामिल है।

**पेंशनर्स भवन बनाने की भी रखी मांग**

## सुखदेव की कर्मस्थली को स्मारक के रूप में विकसित करने उठी मांग



**भारतीय राज्य पेंशनर्स ने उपमुख्यमंत्री से की भेंट**

**दुर्ग।** दुर्ग में ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण और उसे स्मारक के रूप में विकसित किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसे लेकर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पेंशनर भवन बनाए जाने की भी मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में संभागीय सचिव राजेश तिवारी, दुर्ग जिला महासचिव पीआर साहू शामिल रहे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दोनों मामलों पर सकारात्मक चर्चा करते हुए उचित कार्रवाई का भरोस दिलाया।

समिति ने बताया कि शहीद चंद्रशेखर आजाद के सहयोगी रहे सुखदेव राज का दुर्ग शहर से ऐतिहासिक संबंध रहा है। उन्होंने यहां रहकर स्वतंत्रता संग्राम की गतिविधियों का संचालन किया था। वर्तमान में संबंधित भवन जर्जर अवस्था में है। समिति ने मांग की है दौरान इस ऐतिहासिका भवन को सुरक्षित रखा जाए। ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से प्रेरणा मिल सके। उन्होंने पेंशनरों के लिए भवन की मांग को भी दोहराया।

**दुर्ग जिले के दुर्ग, धमधा, पाटन ब्लॉक की महिला एवं पुरुष टीमों ने लिया भाग**

# दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग में रिसाली टाइगर और जनपद जांबाज चैंपियन, 20 से अधिक टीमों ने लिया हिस्सा

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग/अंडा।** दुर्ग जिले समीप ग्राम कोलिहापुरी दुर्ग में स्वर्गीय भरत लाल देशमुख स्मृति कीड़ा संस्था के द्वारा तीन दिवसीय दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक आयोजित की गई। इसमें दुर्ग जिले के तीनों विकासखंड धमधा, पाटन व दुर्ग ग्रामीण व शहर के सीनियर महिला /पुरुष वर्ग के कबड्डी लीग मैच का शुभारंभ 8 अप्रैल रात 8 बजे खेल मैदान कोलिहापुरी में हुआ। इसमें पुरुष वर्ग में फाइनल मुकाबला फ्लोटिंग विंग व रिसाली टाइगर के बीच हुआ। जिसमें रिसाली टाइगर ने जीत हासिल की। दूसरा स्थान फ्लोटिंग विंग को, तृतीय तेजस टाइगर व चतुर्थ स्थान 36 फोर्ट फाइटर को मिला।



### प्रतिभागी टीमों ने बहाया पसीना, श्रेष्ठ खिलाड़ी भी हुए सम्मानित

इसी प्रकार महिला वर्ग में प्रथम स्थान जनपद जांबाज और दूसरा स्थान रिसाली टाइगर को मिला। जिसमें विशेष पुरस्कार आलराउंडर चंद्रकांत साहू (रिसाली टाइगर), रेडर, सूर्य प्रताप (फ्लोटिंग विंग), राईट कार्नर सिद्धांथ यादव (तेजस टाइगर), लेफ्ट कवर गोपेंद निषाद, (36 फोर्ट फाइटर), लेफ्ट कार्नर तरुण यादव राईट (फ्लोटिंग विंग), राईट कवर आकाश निषाद (फ्लोटिंग विंग), लेफ्ट कवर लिकेवर रिसाली (टाइगर) व महिला वर्ग विशेष पुरस्कार आलराउंडर करीना (जनपद के जबाब), रेडर वर्षा (कबीर वॉरियर्स), बेस्ट कानर डिंपल (जनपद के जांबाज) व बेस्ट कावर त्रिवेणी (रिसाली टाइगर) रहे।

### अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भी आयोजन में की शिरकत

अंतिम दिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भी शिरकत की। इस अवसर पर विशेष अतिथि आकर्षि कश्यप डीएसपी व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी, प्रदीप यादव महासचिव प्रदेश कबड्डी संघ, केशव बंटी हरमुख अध्यक्ष दुर्ग जिला कबड्डी संघ, सेवक राम साहू कोषाध्यक्ष प्रदेश कबड्डी संघ, लोमस चंद्राकर सभापति जनपद सदस्य दुर्ग , खुमान निषाद सरपंच ग्राम पंचायत कोडिया, मनोज दुबे सी एस आर भिलाई इस्पात संयंत्र, डॉक्टर नवीन जैन जनरल मैनेजर हार्टीकल्चर भिलाई इस्पात संयंत्र ,चुनेश्वर देशमुख, एचडी ब्रदर्स ,गणेश्वर सिंन्हा ,डोमेद्र चंद्राकर ,लोकनाथ निषाद सचिव कबड्डी संघ बालोद , मंनके महाबली अभिषेक चंद्राकर ,मयंक दुबे, तेजस टाइगर दीपक कुमार , अभी अवेंजर्स, भूपेंद्र तिवारी , खुडंवा पेंथर्स ओनर दादू अहीर, सुनील देशमुख रिसाली टाइगर व अन्य उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष नवीन देशमुख व सचिन पीलू पारकर ने दी।


SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS
Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar
FIT INDIA
SCHOOL INNOVATION COUNCIL
SMART CLASSROOM
ADMISSION OPEN 2026-27
SHAKUNTALA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Ram Nagar, Bhilai
0788 403 3217
SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Risali Sector, Bhilai
0788 2265810
SCHOOL FACILITIES
Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
State of the art AV room & Music room
24x7 Power Supply Via Genset
SHAKUNTALA VIDYALAYA NO - 2
Affiliated to State Board, Ram Nagar, Bhilai
Class XI to XII
0788 2295357
SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to State Board, Vaishali Nagar, Bhilai
KG-1 to VIII
0788 4033623
Shakuntala GURUKUL
Hostel
" घर से दूर..
एक घर "
Seperate Hostel Facility for Boys and Girls.
AC Hostel Room with attached Bathroom .
In-Class Coaching Facility for students.
Hot (Geyser) and Cold Water Facility.
Dedicated Medical Facility.
883 998 2041
Ram Nagar, Bhilai
Deepak Advertisers